Adda247
GET IT ON Google Play

# MPPSC Prelims GS Question Paper 26 April 2026 (Hindi)

1. आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, सतत् विकास लक्ष्य 9 में मध्य प्रदेश का वर्ष 2023-24 का स्कोर था :
[A] 43
[B] 37
[C] 39
[D] 90

2. फरवरी, 2025 में शुरु की गई मध्य प्रदेश औद्योगिक संवर्धन नीति 2025 में कितनी क्षेत्र विशिष्ट रणनीतियाँ शामिल की गई हैं?
[A] 9
[B] 10
[C] 11
[D] 12

3. हाल के वर्षों में, भारत में कृषि क्षेत्र ने चुनौतियों के बावजुद सहनशीलता का प्रदर्शन करते हुए वित्तीय वर्ष 2017 से वित्तीय वर्ष 2023 तक सालाना वृद्धि की, जो लगभग थी :
[A] 4.2 प्रतिशत
[B] 4.8 प्रतिशत
[C] 5.0 प्रतिशत
[D] 5.2 प्रतिशत

4. मध्य प्रदेश में पेटेंट फाइलिंग में 2018-19 से 2022-23 की अवधि में कितनी वृद्धि प्रदर्शित हुई?
[A] 230%
[B] 320%
[C] 180%
[D] 280%

5. दिसम्बर 2024 के अंत तक भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार था :
[A] 604.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर
[B] 640.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर
[C] 603.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर
[D] 630.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर

6. राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम का उद्देश्य किस वर्ष तक वायरल हेपेटाइटिस-सी को समाप्त करना है?
[A] 2033
[B] 2032
[C] 2031
[D] 2030

7. 'कॉनफेडेरेशन ऑफ इण्डियन इण्डस्ट्री' की फरवरी-2025 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश के दवा क्षेत्र का सकल स्थिर पूंजी निर्माण में भारत में अंश है :
[A] 2.9%
[B] 1.0%
[C] 1.9%
[D] 2.2%

8. मध्य प्रदेश आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, मध्य प्रदेश में सौर ऊर्जा की क्षमता अक्टूबर, 2024 तक थी :
[A] 60166 मेगावाट
[B] 66610 मेगावाट
[C] 66160 मेगावाट
[D] 61660 मेगावाट

61139830



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

9. मध्य प्रदेश के आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, 'एक जिला एक उत्पाद (ODOP)' में कृषि संबंधी छह मुख्य उत्पाद हेतु कौन-सा जिला सम्मिलित नहीं है?

[A] अनूपपुर

[B] नरसिंहपुर

[C] बालाघाट

[D] ग्वालियर

10. भारतीय रिजर्व बैंक का वित्तीय समावेशन सूचकांक मार्च 2024 में था :

[A] 64.2

[B] 62.4

[C] 53.9

[D] 59.3

11. मलखंभ खेल के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाने वाला पुरस्कार है :

[A] प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार

[B] वेद प्रताप वैदिक खेल पुरस्कार

[C] आलोक मेहता खेल पुरस्कार

[D] कैलाश चन्द्र पंत खेल पुरस्कार

12. मोहन नागर को वर्ष 2026 में पद्मश्री सम्मान किस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया?

[A] खेल

[B] राजनीति

[C] उद्योग

[D] पर्यावरण संरक्षण

6139830

13. भारत सरकार के संस्कृति विभाग के अन्तर्गत साहित्य अकादमी द्वारा 30 मार्च से 4 अप्रैल, 2026 तक आयोजित साहित्योत्सव 2026 की थीम क्या रखी गई थी?

[A] फेस्टिवल ऑफ पोएट्री

[B] फेस्टिवल ऑफ लेटर्स

[C] फेस्टिवल ऑफ स्टोरी

[D] फेस्टिवल ऑफ फोकलोर

14. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) का नया आधार वर्ष क्या निर्धारित किया गया है?

[A] 2011

[B] 2012

[C] 2023

[D] 2024

15. वित्तीय क्षेत्र (उद्योग एवं व्यापार) में योगदान के लिए 2026 में पद्म भूषण अवार्ड किसे प्रदान किया गया?

[A] अजय पिरामल

[B] उदय कोटक

[C] दीपक पारेख

[D] रघुराम राजन

16. 'सुमन सखी चैटबॉट' किस क्षेत्र में डिजिटल पहल का उदाहरण है?

[A] शिक्षा

[B] स्वास्थ्य

[C] परिवहन

[D] रक्षा



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

17. संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2025 को किस अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया है?

[A] अंतर्राष्ट्रीय वन वर्ष

[B] अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष

[C] अंतर्राष्ट्रीय सतत् ऊर्जा वर्ष

[D] अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

18. 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा कहाँ से किया गया?

[A] भोपाल

[B] इन्दौर

[C] धार

[D] उज्जैन

19. 14 जनवरी 2026 को सर्जियो गौर ने भारत में किस देश के राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला?

[A] इटली

[B] संयुक्त राज्य अमेरिका

[C] फ्रांस

[D] जर्मनी

20. 2026 का महिला T20 वर्ल्ड कप किन देशों द्वारा आयोजित किया जायेगा?

[A] भारत और श्रीलंका

[B] ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका

[C] इंग्लैण्ड और वेल्स

[D] न्यूजीलैण्ड और वेस्टइंडीज

21. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, कमार जनजाति की जनसंख्या मध्य प्रदेश में कितनी है?

[A] 266

[B] 466

[C] 666

[D] 866

22. ट्राईफेड (TRIFED) की स्थापना किस वर्ष की गई?

[A] 1986

[B] 1987

[C] 1988

[D] 1989

23. सन् 2024-25 में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिये क्या आय सीमा निर्धारित थी?

[A] ₹6 लाख

[B] ₹8 लाख

[C] ₹10 लाख

[D] ₹15 लाख

24. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्य प्रदेश में कितनी जनजातियाँ हैं (विशेष रूप से कमजोर जनजातियों को छोड़कर)?

[A] 46

[B] 45

[C] 44

[D] 43

61398303



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

**25.** 'नेतम' शब्द का सम्बन्ध है :

[A] टेबू से

[B] टोटम से

[C] विवाह की रस्म सें

[D] जनजाति के नाम से

**26.** आदिवासियों का परम्परागत संगीत वाद्य 'गुदुम बाजा' निम्न में से मध्य प्रदेश के किस जिले से संबंधित है?

[A] शहडोल

[B] छिन्दवाड़ा

[C] मण्डला

[D] झाबुआ

**27.** सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्य प्रदेश में देश की अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?

[A] 31.84

[B] 29.25

[C] 28.16

[D] 14.69

**28.** गोंड जनजाति में शब्द 'बारी' का सम्बन्ध है :

[A] खेल से

[B] खेती से

[C] विवाह से

[D] धार्मिक क्रिया से

**29.** इंदल पूजा का सम्बन्ध मध्य प्रदेश की किस जनजाति से है?

[A] बारेला

[B] गोंड

[C] बैगा

[D] सहरिया

61398830

**30.** संविधान की किस अनुसूची के प्रावधान के अनुसार, राज्यों में जनजातीय सलाहकार समिति का गठन किया गया?

[A] तीसरी

[B] चौथी

[C] पांचवीं

[D] छठवीं

**31.** वैदिक साहित्य में सभा और समिति को किस देवता की दो पुत्रियाँ कहा गया है?

[A] अग्नि

[B] प्रजापति

[C] वरूण

[D] रूद्र

**32.** भारतवर्ष का उल्लेख किस अभिलेख में प्राप्त होता है?

[A] धनदेव का 'अयोध्या अभिलेख'

[B] मेहरौली का 'लौह-स्तम्भ लेख'

[C] बेसनगर का 'गरुड़ध्वज अभिलेख'

[D] खारवेल के 'हाथीगुम्फा अभिलेख'


Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

33. कृष्ण और बलराम का अंकन किस हिन्द-यवन शासक की मुद्राओं पर मिलता है?

[A] मेनाण्डर

[B] डेमेट्रियस

[C] अगाथोक्लिज़

[D] युक्रेटाइड्स

34. 'द सीक्रेट डॉक्ट्रिन' का/की लेखक कौन था/थीं?

[A] राजा राम मोहन रॉय

[B] एच० पी० ब्लावत्स्की

[C] केशव चन्द्र सेन

[D] डी० के० कर्वे

35. 1918 ई० में संयुक्त प्रांत किसान सभा की स्थापना निम्न में से किसके द्वारा भी की गई थी?

[A] महामना मालवीय

[B] बाबा राम चन्द्र

[C] इन्द्र नारायण द्विवेदी

[D] झिंगुरी सिंह

36. बंगाल में तेभागा आन्दोलन कब प्रारम्भ हुआ था?

[A] सितंबर 1946

[B] अगस्त 1945

[C] जनवरी 1938

[D] मार्च 1935

37. चारों आश्रमों का उल्लेख सर्वप्रथम किस ग्रन्थ में किया गया है?

[A] ऋग्वेद

[B] जाबालोपनिषद

[C] मनुस्मृति

[D] महाभारत

38. प्राचीन संस्कृत साहित्य के अनुसार निम्नलिखित मसालों में से किसे यवनप्रिय कहा जाता था?

[A] अदरक

[B] जायफल

[C] काली मिर्च

[D] इलायची

39. निम्नलिखित में से कौन, एक स्त्री आलवार सन्त थीं?

[A] मधुर कवि

[B] पेरुमल

[C] तिरुपान

[D] आण्डाल

40. दस्तावेज - 'द फिलॉसफी ऑफ द बॉम्ब' किसके अनुरोध पर भगवती चरण वोहरा ने तैयार किया था और हर मुद्दे पर उससे चर्चा की थी?

[A] राम प्रसाद बिस्मिल

[B] सुखदेव

[C] राजगुरु

[D] चन्द्रशेखर आजाद

61398830



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

41. विज्ञान की कौन-सी शाखा, ऋतु तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के अवलोकन, समझ और पूर्वानुमान से संबंधित है?

[A] जलवायु विज्ञान

[B] समुद्र विज्ञान

[C] मौसम विज्ञान

[D] भूकंप विज्ञान

42. सतत् विकास के लिए, 2030 एजेंडा के अनुसार, कितने लक्ष्यों को निर्धारित किया गया है?

[A] 116

[B] 132

[C] 154

[D] 169

43. चन्द्रयान-3 को कहाँ से प्रक्षेपित किया गया और इसके लैंडिंग स्थल की विशेषता क्या थी?

[A] सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (SHAR), श्रीहरिकोटा — चन्द्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के पास

[B] विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र, तिरुवनंतपुरम — चन्द्रमा के विषुवतीय क्षेत्र में

[C] श्रीहरिकोटा — चन्द्रमा के उत्तरी ध्रुव के पास

[D] एसडीएससी, श्रीहरिकोटा — चन्द्रमा के दूरस्थ (far side) पर

44. इन्टरनेशनल हीट वेव वर्कशॉप 2026 का आयोजन कब हुआ था?

[A] 7-8 जनवरी, 2026

[B] 30-31 जनवरी, 2026

[C] 11-12 फरवरी, 2026

[D] 20-21 फरवरी, 2026

45. सी०एस०आई०आर० – राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI) किस शहर में स्थित है?

[A] हैदराबाद

[B] बेंगलुरु

[C] नई दिल्ली

[D] कोलकाता

46. नमूना पंजीकरण प्रणाली के अनुसार, भारत में 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के शिशुओं में मृत्यु दर क्या रही?

[A] 26

[B] 32

[C] 41

[D] 54

47. 1980 के दशक के प्रारंभ में प्रक्षेपित वह कौन-सा भारतीय संचार उपग्रह था, जो इनसेट (INSAT) श्रृंखला का पहला पूर्णतः कार्यशील उपग्रह बना और भारत की दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं को सुदृढ़ किया?

[A] इनसेट-1A — 10 अप्रैल, 1982

[B] इनसेट-1B — 30 अगस्त, 1983

[C] आईआरएस-1A — 17 मार्च, 1988

[D] एप्पल — 19 जून, 1981

6139830



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

48. जून 2025 में, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर हासिल करके इतिहास रच दिया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि क्या थी?

[A] वह चन्द्रमा पर मानवयुक्त मिशन का नेतृत्व करने वाले पहले भारतीय बने।

[B] उन्होंने खुले अंतरिक्ष में पहली भारतीय स्पेस वॉक सफलतापूर्वक पूरी की।

[C] वह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने और मिशन पायलट के रूप में कार्य किया।

[D] वह मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यान ले जाने वाले पहले भारतीय बने।

49. मानव मस्तिष्क का कौन-सा भाग, तापक्रम नियंत्रण के लिए उत्तरदायी है?

[A] मेड्यूला आब्लांगाटा

[B] सेरेब्रम

[C] हाइपोथैलेमस

[D] सेरीबैलम

50. यदि माता-पिता दोनों में से एक सिकल सेल रोग वाला और एक सिकल सेल रोग वाहक वाला होगा, तो उनके कितने प्रतिशत बच्चे सिकल सेल रोग वाहक वाले हो सकते हैं?

[A] 25%

[B] 50%

[C] 75%

[D] 100%

6139830

51. कंप्यूटर में BIOS का मतलब होता है :

[A] Binary Input/Output System

[B] Basic Input/Output System

[C] Bit Input/Output System

[D] Byte Input/Output System

52. 'आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसके द्वारा किया गया था?

[A] जॉन विंस्टन

[B] रिचर्ड इवांस

[C] हेनरी सेम्युएल

[D] जॉन मैकार्थी

53. LED एक डिजिटल डिस्प्ले है जिसका उपयोग कैलकुलेटर, घड़ियों आदि में किया जाता है। LED का मतलब है :

[A] Light Emitting Display

[B] Liquid Electronic Display

[C] Light Emitting Diode

[D] Liquid Electronic Diode

54. ई-अनुज्ञा (e-ANUGYA) एक ई-गवर्नेंस प्रणाली है जो अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करती है :

[A] फसलों के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।

[B] वाहनों के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।

[C] खनिजों के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।

[D] मदिरा के मध्य प्रदेश से बाहर आवाजाही को।



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

55\. किसी वेबसाइट के वेब पेज को HTML का उपयोग करके डिजाइन किया जा सकता है। HTML का मतलब होता है :

[A] High Text Machine Language

[B] Hyper Text Machine Language

[C] High Text Markup Language

[D] Hyper Text Markup Language

56\. निम्नलिखित में से कौन-सी एक ए आई भाषा नहीं है?

[A] एल आई एस पी

[B] ओ पी

[C] प्रोलॉग / आर ओ एल-ओ जी

[D] वी बी आई

57\. ई-मार्ग (eMARG) एक ई-गवर्नेंस समाधान है :

[A] ग्रामीण सड़कों के रखरखाव के लिए।

[B] राज्य राजमार्गों के रखरखाव के लिए।

[C] राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए।

[D] उपरोक्त में से कोई नहीं

58\. ऑप्टिकल फाइबर केबल का उपयोग उच्च गति और लंबी दूरी के डेटा ट्रांसमिशन के लिए किया जाता है। ऑप्टिकल फाइबर की स्प्लाइसिंग (Splicing) का अर्थ है :

[A] ऑप्टिकल फाइबर को मोड़ना

[B] ऑप्टिकल फाइबर को खींचना

[C] ऑप्टिकल फाइबर को जोड़ना

[D] ऑप्टिकल फाइबर को काटना

59\. वेब ब्राउजिंग में URL का अर्थ है :

[A] Uniform Resource Location

[B] Universal Resource Location

[C] Uniform Resource Locator

[D] Universal Resource Locator

60\. कंप्यूटर में EPROM का मतलब होता है :

[A] Electrically Programmable Read-Only Memory

[B] Electronically Programmable Read-Only Memory

[C] Extended Programmable Read-Only Memory

[D] Erasable Programmable Read-Only Memory

61\. मौर्य सम्राट अशोक का व्यक्तिगत नाम मध्य प्रदेश से प्राप्त किस लघु शिलालेख में मिलता है?

[A] रूपनाथ

[B] गुर्जरा

[C] सारो-मारो

[D] पानगुराड़िया

62\. मालवा की माच लोक रंगशैली को वर्तमान में प्रदर्शनकारी विधा के रूप में बदलने का श्रेय किसे दिया जाता है?

[A] सिद्धेश्वर सेन

[B] कौशल सिंह

[C] केसरी सिंह

[D] रेवाराम कुलीवाला



Scanned with OKEN Scanner

Adda247
GET IT ON Google Play

63. खजुराहो स्थित 'जगदम्बी मंदिर' की प्रमुख विशेषताओं में निम्नांकित में से कौन-सा तथ्य **असत्य** है?

[A] इस मंदिर में एक ही कक्ष में अर्द्ध-मण्डप और बरामदा दोनों व्यवस्थित हैं।

[B] इस मंदिर में प्रदक्षिणा पथ का अभाव है।

[C] गर्भगृह में लक्ष्मी की एक विशालकाय मूर्ति है।

[D] गर्भगृह के मुख्य द्वार पर विष्णु की मूर्ति अधिष्ठित है।

64. मध्य प्रदेश की निम्नांकित जनजातियों को उनकी उप-जनजातियों से सुमेलित कीजिए :

| **( जनजाति )** | **( उप-जनजाति )** |
|---|---|
| *(a)* बैगा | *(i)* रोहिया |
| *(b)* भारिया | *(ii)* नरोतिया |
| *(c)* कोल | *(iii)* दण्डामी |
| *(d)* सहरिया | *(iv)* भूमिया (भूमिका) |

**सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| [A] | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* | *(iv)* |
| [B] | *(ii)* | *(iv)* | *(i)* | *(iii)* |
| [C] | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* |
| [D] | *(iv)* | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* |

6139830

65. मध्य प्रदेश में नर्मदापुरम जिले के आदमगढ़ पुरास्थल के विषय में निम्नांकित में से कौन-सा तथ्य **असत्य** है?

[A] यह पुरास्थल नर्मदा नदी के तट पर स्थित है।

[B] यहाँ पशुपालन के प्राचीनतम प्रमाण प्राप्त हुए हैं।

[C] इस पुरास्थल पर वी० एस० वाकणकर द्वारा पुरातात्विक उत्खनन किया गया था।

[D] यहाँ बड़ी संख्या में पुरापाषाणयुगीन उपकरण एवं अस्थि अवशेष प्राप्त हुए हैं।

66. मध्य प्रदेश में निम्नांकित में से कौन-सा स्थल 'विश्व धरोहर स्थल' के रूप में मान्यता प्राप्त है?

[A] ओरछा का ऐतिहासिक समूह

[B] साँची स्तूप

[C] सतपुड़ा टाइगर रिजर्व

[D] भोजेश्वर मंदिर समूह



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

67. निम्नांकित लोकगीतों को उनकी विशेषताओं से सुमेलित कीजिए :

| ( लोकगीत ) | ( विशेषता ) |
|---|---|
| (a) रेलो गीत | (i) निर्गुणी दार्शनिक गीत |
| (b) सिंगाजी और दलूजी | (ii) वीर गीत |
| (c) बम्बुलिया | (iii) युवा-युवतियों का गीत |
| (d) आल्हा-उदल | (iv) धार्मिक गीत |

सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| [A] | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| [B] | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| [C] | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| [D] | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

68. निम्नांकित बोलियों को उनसे सम्बन्धित जनजातीय क्षेत्रों से सुमेलित कीजिए :

| ( बोलियाँ ) | ( जिला ) |
|---|---|
| (a) निमाड़ी | (i) मण्डला, डिंडोरी |
| (b) कोरकू | (ii) रतलाम, आलीराजपुर |
| (c) भीली | (iii) बड़वानी, खण्डवा |
| (d) गोंडी | (iv) बैतूल, नर्मदापुरम |

सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| [A] | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| [B] | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| [C] | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| [D] | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

61339830

69. मध्य प्रदेश के निम्नांकित साहित्यकारों को उनकी कृतियों से सुमेलित कीजिए :

| ( साहित्यकार ) | ( कृतियाँ ) |
|---|---|
| (a) केशवदास | (i) गंगालहरी |
| (b) भवानी प्रसाद मिश्र | (ii) गुलाबी उर्दू |
| (c) पद्माकर | (iii) गांधी पंचशती |
| (d) मुल्ला रमूजी | (iv) कविप्रिया |

सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| [A] | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| [B] | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| [C] | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| [D] | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

70. बंकिम चन्द्र चटर्जी के उपन्यास 'आनंदमठ' के अनुसार, किस पात्र के द्वारा 'वंदे मातरम्' गीत गाया गया था?

[A] महेन्द्र सिंह

[B] कल्याणी

[C] सिपाही भवानंद

[D] शांति

71. भारतीय संविधान सभा के सदस्यों का निर्वाचन कैसे हुआ था?

[A] भारत के लोगों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से

[B] प्रांतीय विधान सभाओं के सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से

[C] गवर्नर-जनरल द्वारा नामांकित

[D] कांग्रेस की प्रादेशिक समितियों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से



Scanned with OKEN Scanner

Adda247

GET IT ON Google Play

Scanned with OKEN

72. निम्नलिखित में से किस कार्य के निष्पादन में लोकसभा और राज्यसभा को समान अधिकार प्राप्त है?

[A] धन विधेयक को पारित करना

[B] नवीन अखिल भारतीय सेवा का निर्माण

[C] सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करना

[D] संविधान संशोधन विधेयक पारित करना

73. मध्य प्रदेश में नगर पंचायत का गठन निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के लिए किया जाता है?

[A] संक्रमणशील नगरीय क्षेत्र

[B] लघुस्तरीय क्षेत्र

[C] औद्योगिक क्षेत्र

[D] वृहत नगरीय क्षेत्र

74. निम्नलिखित में से कौन-सा, मध्य प्रदेश में ग्राम पंचायत का अनिवार्य कार्य नहीं है?

[A] ग्राम पंचायत की सम्पत्ति का परिरक्षण

[B] सहकारिता का परिवर्द्धन करना

[C] लावारिस जानवरों तथा पागल कुत्तों को पकड़ना

[D] पुलिस स्टेशन का संचालन करना

6139830

75. निम्नलिखित में से किस आयोग को एंग्लो-इंडियन समुदाय के अधिकारों और हितों की रक्षा का विशेष दायित्व दिया गया है?

[A] राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

[B] राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

[C] राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

[D] राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

76. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत से संबंधित भाग IV में बयालिसवें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद नहीं जोड़ा गया?

[A] अनुच्छेद 39A

[B] अनुच्छेद 43A

[C] अनुच्छेद 43B

[D] अनुच्छेद 48A

77. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवा शर्तें संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा निर्धारित की जाती हैं?

[A] 129(3)

[B] 127(4)

[C] 122(1)

[D] 124(2)

78. मध्य प्रदेश विधानसभा के सत्रों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असत्य** है?

[A] एक वर्ष में विधानसभा के न्यूनतम दो अधिवेशन होने चाहिए।

[B] दो बैठकों के मध्य छः मास से अधिक का अन्तर नहीं होना चाहिए।

[C] राज्यपाल विधानसभा के अधिवेशन को बुलाते हैं।

[D] विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा के अधिवेशन को समाप्त करते हैं।

Adda247
GET IT ON Google Play
Scanned with OKEN

**79.** मध्य प्रदेश के राज्यपाल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?

[A] राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं।

[B] राज्यपाल को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति करने की शक्ति है।

[C] आपातकाल में वह राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हैं।

[D] राज्यपाल, राज्य कार्यपालिका के प्रधान होते हैं।

**80.** संसद के संविधान संशोधन के अधिकार को प्रथम चुनौती निम्नलिखित में से किस केस के द्वारा प्राप्त हुई थी?

[A] केशवानन्द भारती केस

[B] गोलकनाथ केस

[C] चम्पकम दोरैराजन केस

[D] शंकरी प्रसाद केस

**81.** कुमाऊँ हिमालय का सबसे ऊँचा शिखर कौन-सा है?

[A] कामेट

[B] नंदा देवी

[C] त्रिशूल

[D] बद्रीनाथ

**82.** दिए गए कथनों के आधार पर नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

*(a)* पश्चिमी विक्षोभ पछुआ हवाओं से चलते हैं।

*(b)* पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर से नमी लाते हैं।

*(c)* इनसे भारत के उत्तर-पश्चिमी भागों में शीत ऋतु में वर्षा होती है।

कूट :

[A] केवल *(c)* सही है

[B] केवल *(a)* और *(c)* सही हैं

[C] केवल *(b)* और *(c)* सही हैं

[D] *(a)*, *(b)* और *(c)* सही हैं

**83.** भारत की सबसे लम्बी झील कौन-सी है?

[A] चिल्का

[B] कोल्लेरू

[C] वेम्बनाड

[D] पूकोड

**84.** वर्ष 2023-24 में, चावल उत्पादन के आधार पर देश के प्रथम चार राज्यों का **सही** आरोही क्रम कौन-सा था?

[A] पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल

[B] पंजाब, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना

[C] ओडिशा, तेलंगाना, पंजाब, उत्तर प्रदेश

[D] पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, पंजाब, उत्तर प्रदेश

61339830

Adda247

GET IT ON Google Play

**85.** 'भारतीय खनिज वर्ष पुस्तक 2022' के अनुसार, मैंगनीज के उत्पादन में कौन-सा राज्य देश में द्वितीय स्थान पर था?

[A] ओडिशा

[B] कर्नाटक

[C] महाराष्ट्र

[D] मध्य प्रदेश

**86.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में किस राज्य की जनसंख्या घनत्व न्यूनतम थी?

[A] मेघालय

[B] मिजोरम

[C] अरूणाचल प्रदेश

[D] मणिपुर

**87.** अक्टूबर 2025 में किस प्रचंड चक्रवातीय तूफान ने भारत के पूर्वी तटीय भागों को प्रभावित किया था?

[A] फेंगल

[B] शक्ति

[C] मोंथा

[D] असना

**88.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी का प्राचीन नाम अस्किनी था?

[A] ब्यास

[B] चिनाब

[C] झेलम

[D] रावी

**89.** 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023' के अनुसार, राज्यवार वनों के अंतर्गत क्षेत्र में देश के शीर्ष तीन राज्य कौन-से थे?

[A] मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़

[B] मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर

[C] मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम

[D] मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा

**90.** दिसम्बर 2025 तक नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता में निम्नलिखित राज्यों का सही आरोही क्रम कौन-सा था?

[A] गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र

[B] कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात

[C] तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात

[D] कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान

**91.** जनगणना 2011 के अनुसार, जिलों का दशक 2001-11 में जनसंख्या वृद्धि का सही अवरोही क्रम है :

[A] भोपाल, झाबुआ, इंदौर

[B] भोपाल, इंदौर, ग्वालियर

[C] इंदौर, भोपाल, ग्वालियर

[D] इंदौर, झाबुआ, भोपाल

**92.** डोंगला मीन टाइम (DMT) को भारतीय खगोलविदों द्वारा एक नए मानक समय के रूप में स्थापित करने की दिशा में शोध किए जा रहे हैं। डोंगला ग्राम, मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

[A] देवास

[B] उज्जैन

[C] धार

[D] बड़वानी

61139830

Adda247
GET IT ON Google Play

**93.** वर्ष 2021-22 में दालों के उत्पादन में भारत में मध्य प्रदेश का कौन-सा स्थान था?

[A] प्रथम

[B] द्वितीय

[C] तृतीय

[D] चतुर्थ

**94.** चम्बल बेसिन में निम्नलिखित में से कौन-सी मिट्टी पायी जाती है?

[A] लाल और पीली मिट्टी

[B] लेटेराइट मिट्टी

[C] जलोढ़ मिट्टी

[D] लाल दोमट मिट्टी

**95.** असीरगढ़ की पहाड़ियाँ स्थित हैं :

[A] पश्चिमी सतपुड़ा में।

[B] पूर्वी सतपुड़ा में।

[C] मैकाल श्रेणी में।

[D] बघेलखण्ड पठार में।

**96.** **सूची—I** को **सूची—II** से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की मदद से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची—I (नदियाँ) | सूची—II (सहायक नदियाँ) |
|---|---|
| *(a)* चम्बल | *(i)* बेलन |
| *(b)* टोंस (तमसा) | *(ii)* पार्वती |
| *(c)* नर्मदा | *(iii)* गंभीर |
| *(d)* क्षिप्रा | *(iv)* तवा |

कूट :

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| [A] | *(iii)* | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* |
| [B] | *(iii)* | *(iv)* | *(ii)* | *(i)* |
| [C] | *(ii)* | *(i)* | *(iv)* | *(iii)* |
| [D] | *(i)* | *(iii)* | *(ii)* | *(iv)* |

61139830

**97.** मध्य प्रदेश के उत्तर-पश्चिम भाग में वर्षा की परिवर्तनशीलता अधिक होने का कारण है :

[A] वर्षा का कम होना।

[B] वर्षा का अधिक होना।

[C] तापमान की अधिकता।

[D] निरन्तर वर्षा होना।

**98.** बालाघाट का बैहर पठार किस खनिज के संचय के लिए प्रसिद्ध है?

[A] जस्ता

[B] लौह अयस्क

[C] डोलोमाइट

[D] बॉक्साइट

**99.** **सूची—I** को **सूची—II** से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट की मदद से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची—I (सिंचाई परियोजनाएँ) | सूची—II (नदियाँ) |
|---|---|
| *(a)* सम्राट अशोक सागर परियोजना | *(i)* सोन |
| *(b)* बाणसागर परियोजना | *(ii)* पार्वती |
| *(c)* हरसी परियोजना | *(iii)* नर्मदा |
| *(d)* ओंकारेश्वर परियोजना | *(iv)* हलाली |

कूट :

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| [A] | *(i)* | *(iv)* | *(ii)* | *(iii)* |
| [B] | *(ii)* | *(iii)* | *(i)* | *(iv)* |
| [C] | *(iv)* | *(i)* | *(ii)* | *(iii)* |
| [D] | *(ii)* | *(i)* | *(iii)* | *(iv)* |

**100.** मध्य प्रदेश में पहला शक्कर कारखाना कहाँ स्थापित हुआ था?

[A] कैलारस

[B] सीहोर

[C] डबरा

[D] जावरा



Scanned with OKEN Scanner